उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
Uttarakhand Open University

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

Ref. No. UOU/आर/वि.परि./35/2026
Date: **01 जून, 2026**

सेवा में,

1. प्रोफेसर एच0सी0 पोखरियाल, कार्यकारी निदेशक (सेवानिवृत्त), मुक्त शिक्षा विद्याशाखा, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली।
2. प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग एवं परिसर निदेशक, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. डॉ0 मनु प्रताप सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस विभाग, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. प्रोफेसर ब्रजेश कुमार पाण्डेय, **Rector**, जे0एन0यू0, डीन, संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन विद्याशाखा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।
5. प्रोफेसर एच0सी0 पुरोहित, प्रोफेसर एवं डीन, प्रबन्ध अध्ययन विद्याशाखा, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक व्यक्ति जो संयुक्त सचिव से निम्न पंक्ति का न हो।
7. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, मानविकी विद्या शाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
8. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
9. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
10. प्रोफेसर जीतेन्द्र पाण्डे, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्या शाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
11. प्रोफेसर एम0एम0 जोशी, निदेशक, पर्यटन,आतिथ्य एवं होटल प्रबन्धन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
12. प्रोफेसर प्रवेश कुमार सहगल, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
13. प्रोफेसर गगन सिंह, निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
14. प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट, निदेशक, व्यवसायिक अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
15. प्रोफेसर मंजरी अग्रवाल, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
16. प्रोफेसर डिगर सिंह फर्स्वाण, निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
17. प्रोफेसर अरविन्द भट्ट, निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
18. प्रोफेसर राकेश चन्द्र रयाल, निदेशक, पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
19. प्रोफेसर कमल देवलाल, निदेशक, विधि विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
20. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
21. डॉ0 हरीश चन्द्र जोशी, सह-प्राध्यापक, वानिकी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
22. डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, सह-प्राध्यापक, कृषि, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
23. डॉ0 सुमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
24. डॉ0 ममता कुमारी, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र, उत्तरराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
25. श्री सूर्य प्रताप सिंह, मुख्य वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
26. प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।

महोदय/महोदया,

दिनांक 28 मई, 2026 (बृहस्पतिवार) को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की **विद्या परिषद** की **35वीं** बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन हो तो, कृपया अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन/संशोधन किया जा सके।

सादर,

भवदीय,

(खेमराज भट्ट)
कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद

प्रतिलिपि:- कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Teenpani Bypass, Haldwani - 263139, Nainital, Uttarakhand तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी–263139, नैनीताल, उत्तराखण्ड
Tel. : 05946-286000 ● Toll Free No. : 1800 180 4025 ● Fax : 05946-264232 ● E-mail : info@uou.ac.in ● Website : www.uou.ac.in

दिनांक 28 मई, 2026 (बृहस्पतिवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में प्रात: 11.00 बजे विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 35वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1.	प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर एच0सी0 पोखरियाल, कार्यकारी निदेशक (सेवानिवृत्त), मुक्त शिक्षा विद्याशाखा, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली। (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)	सदस्य
3.	प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग एवं परिसर निदेशक, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा। (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)	सदस्य
4.	डॉ0 एच0सी0 पुरोहित, प्रोफेसर एवं डीन, प्रबन्ध अध्ययन विद्याशाखा, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)	सदस्य
5.	डॉ0 मनु प्रताप सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस विभाग, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा। (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)	सदस्य
6.	प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
7.	प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

8.	प्रोफेसर रेनू प्रकाश, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
9.	प्रोफसर जीतेन्द्र पाण्डेय, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
10.	प्रोफेसर एम0एम0 जोशी, निदेशक, पर्यटन,आतिथ्य एवं होटल प्रबन्धन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
11.	प्रोफेसर प्रवेश कुमार सहगल निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
12.	प्रोफेसर गगन सिंह, निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
13.	प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट, निदेशक, व्यवसायिक अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
14.	प्रोफेसर डिगर सिंह फर्स्वाण, निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
15.	प्रोफेसर अरविन्द भट्ट, निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
16.	डॉ0 हरीश चन्द्र जोशी, सह-आचार्य, वानिकी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
17.	डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, सह-आचार्य, कृषि, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

18.	डॉ0 सुमित प्रसाद, सहायक आचार्य, प्रबन्ध अध्ययन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
19.	डॉ0 ममता कुमारी, सहायक आचार्य, शिक्षाशास्त्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
20.	श्री खेमराज भट्ट, कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य सचिव
21.	श्री सूर्य प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय	आमंत्रित सदस्य

बैठक आरम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सदस्य सचिव, विद्या परिषद द्वारा अध्यक्ष, विद्या परिषद तथा बैठक में ऑनलाइन/ऑफलाइन उपस्थित समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों का विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 35वीं बैठक में स्वागत किया गया।

तदुपरान्त माननीय कुलपति जी द्वारा बैठक में आभासीय **(Online)** माध्यम से उपस्थित बाह्य सदस्यों- प्रोफेसर एच0सी0 पोखरियाल, प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट, प्रोफेसर एच0सी0 पुरोहित तथा प्रोफेसर मनु प्रताप सिंह का बैठक में प्रतिभाग हेतु विशेष आभार व्यक्त करते हुए समस्त सदस्यों का विद्या परिषद की 35वीं बैठक में स्वागत किया गया।

समस्त सदस्यों के स्वागतोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मलित प्रत्येक प्रस्ताव को सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विद्या परिषद द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्तुत प्रस्तावों पर निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

प्रस्ताव संख्या 35.01- विद्या परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विद्या परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/R/वि0परि0/34/2026, दिनांक 21.02.2026 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया था कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति/संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है।

निर्णय:- ***विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से विद्या परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.02- विद्या परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।

विद्या परिषद की 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही में सम्मलित समस्त प्रस्तावों पर हुई कार्यवाही से सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया।

निर्णय:- ***विद्या परिषद 34वीं बैठक दिनांक 21.02.2026 के निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही से अवगत हुई। तद्क्रम में परिषद द्वारा विश्वविद्यालय स्तर से प्रत्येक प्रस्ताव पर की गई कृत कार्यवाही पर सहमति व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.03- शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 से समस्त सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों के वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क को सेमेस्टर वार लिए जाने एवं एम0बी0ए0 व एम0सी0ए0 कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों की भांति अध्ययन सामग्री प्राप्त करने का विकल्प प्रदान किए जाने के संबंध में दिनांक 14.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विद्या परिषद की 29वीं बैठक दिनांक 26 जून, 2024 में पारित निर्णय के क्रम में ऐसे कार्यक्रम जिनका पूर्ण कार्यक्रम शुल्क ₹ 10000/- अथवा उससे अधिक है उन सभी कार्यक्रमों के कार्यक्रम शुल्क को शिक्षार्थी हित में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से सेमेस्टर वार समान रूप से विभाजित किया गया है।

उक्त के संबंध में दिनांक 14 मई, 2026 को निदेशक मण्डल की बैठक में शिक्षार्थी हित एवं उन पर पड़ने वाले वित्तीय भार को समानांतर करने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के समस्त सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों के वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क को शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 से सेमेस्टर वार लिए जाने एवं एम0बी0ए0 तथा एम0सी0ए0 कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों की भांति अध्ययन सामग्री की ई प्रति तथा मुद्रित प्रति प्राप्त करने का विकल्प प्रदान किए जाने की संस्तुति की गई है। तद्क्रम में निदेशक मण्डल की बैठक दिनांक 14.05.2026 की संस्तुतियां परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गई हैं।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

निर्णय:- *प्रस्तुत प्रस्ताव का विद्या परिषद द्वारा अवलोकन किया गया। तद्क्रम में विश्वविद्यालय के समस्त सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों के वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क को शैक्षणिक सत्र जुलाई 2026 से सेमेस्टर वार लिए जाने एवं एम0बी0ए0 तथा एम0सी0ए0 कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों की भांति अध्ययन सामग्री की ई प्रति तथा मुद्रित प्रति प्राप्त करने का विकल्प प्रदान किए जाने के संबंध में निदेशक मण्डल की दिनांक 14 मई, 2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 35.04- विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रदान किए जाने वाले ट्रांसक्रिप्ट को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप परिवर्तित किए जाने हेतु नवीन ट्रांसक्रिप्ट के प्रारूप का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक, प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट द्वारा विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया कि शैक्षणिक सत्र 2023 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) में पंजीकरण के अनुरूप शिक्षार्थियों का प्रथम बैच परीक्षा सत्र जून 2026 में अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करेगा। इस हेतु नवीन नियमावली के अनुरूप अंतिम सेमेस्टर की ट्रांसक्रिप्ट का प्रारूप तैयार किया जाना है जिसमें शिक्षार्थियों के ग्रेड पांइट एवं ग्रेड पांइट रूपांतरण फार्मूला (Grade Point Conversion Formula) अंकित किया जाना है। विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रदान किए जाने वाले ट्रांसक्रिप्ट का प्रारूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप निर्मित किए जाने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा एक समिति का गठन किया गया। गठित समिति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप ट्रांसक्रिप्ट का प्रारूप तैयार किया गया है। ट्रांसक्रिप्ट में विषय एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी अंकित किए गए हैं इस कारण Legal Page में ट्रांसक्रिप्ट का प्रारूप तैयार किया है। तद्क्रम में दिनांक 21 मई, 2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां ट्रांसक्रिप्ट के प्रारूप सहित विद्या परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- *प्रस्ताव के साथ संलग्न ट्रांसक्रिप्ट के प्रारूप का विद्या परिषद द्वारा अवलोकन कर, विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप प्रदान किए जाने वाले ट्रांसक्रिप्ट के प्रारूप पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 35.05- SWAYAM पोर्टल हेतु विश्वविद्यालय के 05 नवीन MOOCs पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्राप्त होने की सूचना से विद्या परिषद को अवगत कराए जाने के संबंध में।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रोफेसर जीतेन्द्र पाण्डेय, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के SWAYAM पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के विकास एवं संचालन हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित 05 नवीन MOOCs पाठ्यक्रमों को स्वीकृति/अवार्ड प्राप्त हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है। उक्त MOOCs पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन करते समय उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक NOC जारी की गई थी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा यह सहमति भी प्रदान की गई थी कि इन SWAYAM पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने तथा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी पात्र शिक्षार्थियों को नियमानुसार क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे। स्वीकृत/अवार्ड किए गए 05 पाठ्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम समन्वयक /सह-समन्वयक	स्थिति
1	ऑपरेशनल मैनेजमेंट ऑफ होमस्टे स्टार्ट-अप्स	प्रोफेसर गगन सिंह, डॉ0 सुनील कुमार, सह-समन्वयक डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, सुश्री प्रिया बोरा	स्वीकृत / रिकमेंडेड
2	माइक्रो फाइनेंस	प्रोफसर मंजरी अग्रवाल, सह-समन्वयक, डॉ0 प्रिया महाजन, श्री प्रकाश भट्ट	स्वीकृत/ रिकमेंडेड
3	डेवलपमेंट स्टडीज: इंट्रोडक्शन एंड थ्योरीज	डॉ0 शालिनी चौधरी, पी.आई., डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, को-पी. आई.	स्वीकृत/ रिकमेंडेड
4	सी.पी.एस.-3 असेसमेंट फॉर लर्निंग	प्रोफेसर डिगर सिंह फर्स्वाण	स्वीकृत/ रिकमेंडेड
5	बेसिक्स ऑफ एनालिटिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्स	डॉ0 विनोद कुमार	स्वीकृत/ रिकमेंडेड

उक्त पाठ्यक्रम जुलाई 2026 सत्र से SWAYAM पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। प्रत्येक 04 क्रेडिट SWAYAM पाठ्यक्रम हेतु शिक्षा मंत्रालय द्वारा ₹13.50 लाख की अनुदान राशि स्वीकृत की जाती है। इस प्रकार 05 पाठ्यक्रमों हेतु कुल ₹67.50 लाख की स्वीकृत अनुदान राशि विश्वविद्यालय को प्राप्त होगी। विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में SWAYAM पोर्टल पर 12 MOOCs पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जुलाई 2025 एवं जनवरी 2026 सत्रों को मिलाकर वर्ष 2025-26 में इन पाठ्यक्रमों में कुल 69,771 शिक्षार्थियों ने नामांकन किया है। जनवरी 2026 तक विश्वविद्यालय के SWAYAM पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन 2,34,153 तक पहुँच चुका है। तद्क्रम में SWAYAM पोर्टल हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के 05 नवीन MOOCs पाठ्यक्रमों की स्वीकृति की सूचना विद्या परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई है।

निर्णय:- ***SWAYAM पोर्टल हेतु उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के 05 नवीन MOOCs पाठ्यक्रमों की स्वीकृति की सूचना से अवगत होते हुए विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय को इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। इस संबंध में परिषद के माननीय सदस्य प्रोफसर एच0सी0 पोखरियाल द्वारा मत व्यक्त किया गया कि SWAYAM पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित MOOCs पाठ्यक्रमों में जनवरी, 2026 में पंजीकृत शिक्षार्थियों का विवरण कार्यवृत्त के साथ संलग्न कर सभी सदस्यों को प्रेषित किया जाय, जिस पर विद्या परिषद द्वारा सहमति व्यक्त की गई। तदक्रम में शैक्षणिक सत्र जनवरी, 2026 में MOOCs पाठ्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों का विवरण, कार्यवृत्त के साथ पीडीएफ फाइल संलग्न कर पृथक से प्रेषित किया जा रहा है।***

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

प्रस्ताव संख्या 35.06- एम0ए0 हिन्दी (MAHL-603) कार्यक्रम की दिनांक 24.03.2026 को सम्पन्न परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल में कुल 50 के सापेक्ष 43 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त होने के संबंध में दिनांक 21.05.2026 एवं दिनांक 22.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतिओं का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक, प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट द्वारा विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के एम0ए0 हिन्दी (MAHL-603) कार्यक्रम की परीक्षा दिनांक 24.03.2026 को सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्र एम0बी0पी0जी0 कालेज, हल्द्वानी से प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल में कुल 50 के सापेक्ष केवल 43 ही उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में कुछ शिक्षार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय को अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा MAHL-603 की परीक्षा दी गई है, किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षाफल में उन्हें अनुपस्थित दर्शाया गया है। प्रकरण पर माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 21 मई, 2026 को निदेशक मण्डल की बैठक एवं दिनांक 22 मई, 2026 को केन्द्राध्यक्ष, एम0बी0पी0जी0 कालेज, हल्द्वानी की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें समिति द्वारा उक्त बंडल का मूल्यांकन करने वाले परीक्षक का वक्तव्य भी लिया गया। मूल्यांकन करने वाले परीक्षक द्वारा भी 43 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त होने की बात कही गई है। विश्वविद्यालय मुख्यालय में सम्पन्न उक्त बैठकों में समिति द्वारा संस्तुति की गई है कि संबंधित शिक्षार्थियों को MAHL-603 पाठ्यक्रम में उनके द्वारा सत्रीय कार्य में प्राप्त अंकों के अनुपातिक आधार पर अंक प्रदान किए जाएंगे एवं जिन शिक्षार्थियों के द्वारा सत्रीय कार्य पूर्ण नहीं किया गया है उन शिक्षार्थियों को उनके अन्य विषयों की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अनुपातिक अंक प्रदान किए जाएंगे। तद्क्रम में समिति की संस्तुतियां विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गई हैं।

निर्णय:- ***एम0ए0 हिन्दी (MAHL-603) कार्यक्रम की दिनांक 24.03.2026 को सम्पन्न परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल में कुल 50 के सापेक्ष 43 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त होने के संबंध में दिनांक 21.05.2026 एवं दिनांक 22.05.2026 को विश्वविद्यालय में सम्पन्न बैठकों की संस्तुतिओं का विद्या परिषद द्वारा अवलोकन किया गया। तद्क्रम में सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से शिक्षार्थी हित में समिति की उक्त संस्तुतियों पर यथावत अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो, इसलिए परीक्षा संबंधी कार्य सावधानी पूर्वक सम्पादित किए जाय। साथ ही इस लापरवाही हेतु संबंधित महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी व विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को कठोर चेतावनी निर्गत की जाय।***

प्रस्ताव संख्या 35.07- विज्ञान व भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रयोगात्मक कार्यशालाओं में शिक्षार्थियों की संख्या 10 से कम होने पर प्रयोगात्मक कार्यशाला अन्यत्र आयोजित किए जाने के संबंध में विचार।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों में विज्ञान विषयों की प्रयोगात्मक कार्यशालाओं के आयोजन हेतु शिक्षार्थियों की संख्या का परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि जिन स्थानों पर किसी विषय में 10 से कम शिक्षार्थी नामांकित हैं वहॉ कार्यशाला आयोजित करने पर अत्यधिक वित्तीय भार वहन करना पड़ रहा है। अतएव

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय हित में वित्तीय भार के दृष्टिगत प्रस्तावित किया गया है कि- विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों में विज्ञान विद्याशाखा तथा भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रयोगात्मक कार्यशालाओं में शिक्षार्थियों की संख्या 10 से कम होने पर प्रयोगात्मक कार्यशाला विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केन्द्र हल्द्वानी एवं देहरादून द्वारा ही आयोजित की जाएगी। तद्क्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- *प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त मत व्यक्त किया गया कि शिक्षार्थी संख्या 10 से कम होने पर विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केन्द्र हल्द्वानी एवं देहरादून में ही प्रयोगात्मक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना शिक्षार्थी हित में उचित नहीं है। अतएव संबंधित प्रस्ताव के सभी पहलुओं का एक समिति के माध्यम से परीक्षण कर लिया जाय। गठित समिति अपनी आख्या माननीय कुलपति जी को प्रस्तुत करेगी। समिति की संस्तुतिओं को अनुमोदित किए जाने हेतु विद्या परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया। इस हेतु परिषद द्वारा निम्नानुसार एक समिति का गठन किया गया:-*

1. **प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, अकादमिक**
2. **प्रोफेसर प्रवेश कुमार सहगल, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा**
3. **प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक**
4. **डॉ0 हरीश चन्द्र जोशी, सह-प्राध्यापक, वानिकी**

प्रस्ताव संख्या 35.08- विश्वविद्यालय के अकादमिक कलेण्डर ''शैक्षणिक सत्र 2026-2027'' का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रभारी प्रवेश द्वारा विद्या परिषद को विस्तार से अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु प्रवेश, परीक्षा, शोध, एवं निदेशक,अकादमिक द्वारा संयुक्त रूप से शैक्षणिक सत्र 2026-2027 हेतु अकादमिक कलैण्डर निर्मित किया गया है। इस अकादमिक कलेण्डर में प्रवेश परीक्षाओं की अनुमानित तिथि, ऑनलाइन प्रवेश, एस0एल0एम0, सत्रीय कार्य, प्रयोगात्मक परीक्षाएं, मुख्य परीक्षाओं की तिथि, परीक्षाफल घोषित किए जाने की तिथि एवं शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जाने की अनुमानित तिथि का भी उल्लेख किया गया है। किन्तु UGC-DEB, राज्य सरकार और दूसरी नियामक संस्थाओं द्वारा जारी नोटिफिकेशन/गाइडलाइंस के आधार पर उक्त तारीखों में बदलाव किया जा सकता है। तद्क्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव के साथ संलग्न विश्वविद्यालय के अकादमिक कलेण्डर ''शैक्षणिक सत्र 2026-2027'' का अवलोकन कर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

प्रस्ताव संख्या 35.09- वाणिज्य विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी श्री किरण कुमार नामांकन संख्या-21240986 की दिनांक 09.04.2026 को सम्पन्न मौखिक परीक्षा की आख्या का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि **वाणिज्य** विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी **श्री किरण कुमार** नामांकन संख्या-**21240986** शोध शीर्षक **"A Study of Financial Inclusion Schemes in the Growth of Rural Economy in Select Areas of Uttarakhand"** हेतु पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा प्रोफेसर गगन सिंह, शोध निर्देशक की ऑनलाइन उपस्थिति में **दिनांक 09.04.2026** को सम्पन्न करा ली गई है। मौखिक परीक्षा की आख्या को माननीय कुलपति जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

पीएच.डी. धार्थी का शो नाम	नामांकन संख्या	शोध निर्देशक	पीएच.डी. मौखिक परीक्षा की तिथि	विषय	शोध शीर्षक
श्री किरण कुमार	21240986	प्रोफेसर गगन सिंह	09.04.2026	वाणिज्य	"A Study of Financial Inclusion Schemes in the Growth of Rural Economy in Select Areas of Uttarakhand"

निर्णय:- ***विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर माननीय कुलपति जी की स्वीकृति पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.10- इतिहास विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी श्री प्रवीन लखेड़ा नामांकन संख्या-19198899 की दिनांक 10.04.2026 को सम्पन्न मौखिक परीक्षा की आख्या का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि **इतिहास** विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी **श्री प्रवीन लखेड़ा** नामांकन संख्या-**19198899** शोध शीर्षक **"साम्राज्यवाद और इनके प्रभाव: उत्तराखण्ड राज्य के विशेष संदर्भ में एक ऐतिहासिक अध्ययन (1815-1947)"** हेतु पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा प्रोफेसर एम0एम0 जोशी, शोध निर्देशक की उपस्थिति में **दिनांक 10.04.2026** को सम्पन्न करा ली गई है। मौखिक परीक्षा की आख्या को माननीय कुलपति जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

पीएच.डी. शोधार्थी का नाम	नामांकन संख्या	शोध निर्देशक	पीएच.डी. मौखिक परीक्षा की तिथि	विषय	शोध शीर्षक
श्री प्रवीन लखेड़ा	19198899	प्रोफेसर एम0एम0 जोशी	10.04.2026	इतिहास	"साम्राज्यवाद और इनके प्रभाव: उत्तराखण्ड राज्य के विशेष संदर्भ में एक ऐतिहासिक अध्ययन (1815-1947)"

कुलसचिव
तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर माननीय कुलपति जी की स्वीकृति पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 35.11- विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए जाने हेतु आवेदन प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित किए जाने के संबंध में विचार।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए जाने हेतु आवेदन प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित किए जाने के संबंध में निदेशक, एम0पी0डी0डी0 द्वारा निम्नानुसार एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। तद्क्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है:-

1. मुद्रित पाठ्यक्रम प्राप्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन, प्रवेश की अंतिम तिथि के 15 दिनों तक ही स्वीकार किए जाएंगे।
2. स्वयं की उपस्थिति पर निर्धारित शुल्क जमा कर मुद्रित पाठ्यक्रम केवल उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के मुख्यालय, हल्द्वानी से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त निदेशक, एम0पी0डी0डी0 द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 35.12- पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा आख्या पर आंतरिक परीक्षक एवं संबंधित निदेशक के हस्ताक्षर लिए जाने के संबंध में विचार।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, शोध एवं नवाचार द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि वर्तमान में पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा की आख्या पर केवल बाह्य परीक्षक के हस्ताक्षर लिए जाने का प्रावधान प्रचलित है। पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा बोर्ड में आंतरिक परीक्षक एवं संबंधित विद्याशाखा के निदेशक भी सदस्य के रूप में सम्मिलित रहते हैं तथा परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया में सहभागी होते हैं। परीक्षा की सर्वसम्मत अनुशंसा सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से प्रस्तावित किया गया है कि शोध उपाधि अधिनियम-2026 में संशोधन करते हुए पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा की आख्या पर बाह्य परीक्षक के साथ-साथ आंतरिक परीक्षक एवं संबंधित निदेशक के हस्ताक्षर लिए जाने का प्रावधान किया जाए। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित होगा कि पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा बोर्ड द्वारा सामूहिक एवं सर्वसम्मति से उपाधि प्रदान किए जाने की अनुशंसा की गई है। तद्क्रम में पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा आख्या पर आंतरिक परीक्षक एवं संबंधित निदेशक के हस्ताक्षर लिए जाने के संबंध संशोधित आख्या प्रारूप के साथ प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

निर्णय:- ***पीएच.डी. मौखिकी परीक्षा आख्या पर आंतरिक परीक्षक एवं संबंधित निदेशक के हस्ताक्षर लिए जाने के संबंध में निदेशक, शोध एवं नवाचार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं इस संबंध में संलग्न संशोधित आख्या प्रारूप पर विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.13- विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अध्याय पॉच परिनियम 13(7) में वर्णित विद्याशाखाओं के अन्तर्गत क्रमांक 16 पर नवीन विद्याशाखा 'भाषा विद्याशाखा' (School of Languages) का समावेश/परिनियम संशोधन विषयक प्रस्ताव।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि वर्तमान में मानविकी विद्याशाखा के अंतर्गत अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं विभाग, संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएं विभाग तथा उर्दू विभाग के साथ ही वैदिक ज्योतिष विभाग, भारतीय कर्मकाण्ड विभाग, संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग तथा दर्शन विभाग भी अवस्थित हैं। भाषाओं की प्रकृति अन्य विषयों से भिन्न होती है। भाषा एक सांस्कृतिक घटक भी है और सभ्यता को जोड़ने का लालित्यपूर्ण माध्यम भी है। आज विश्व के अनेक देशों में भाषा के मनोविज्ञान व समाजशास्त्र पर कार्य हो रहा है। आवश्यकता है कि एक वृहत्तर घटक के रूप में विभिन्न भाषाओं पर एक साथ विचार-विमर्श व शोध हो। यही कारण है कि देश के प्राय: विश्वविद्यालयों में भाषा विभाग एक विद्याशाखा (स्कूल) के रूप में स्वतंत्र ढंग से क्रियाशील रहा है। मानविकी विद्याशाखा के अंतर्गत अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं विभाग, संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएं विभाग तथा उर्दू विभाग सम्मिलित हैं। इन भाषाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर पर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

भाषाओं की प्रकृति मानविकी के दूसरे विषयों से अनुशासनात्मक स्तर पर भिन्न होती है। इस कारण विद्याशाखा के रूप में भाषा विद्याशाखा को स्वतंत्रत रूप से निर्मित किए जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत समन्वयक, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं विभाग द्वारा एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में अवगत कराना है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय परिनियमावली में प्राविधानित व्यवस्थानुसार 14 विद्याशाखाएं स्थापित हैं तथा 15वीं विद्याशाखा 'भारतीय ज्ञान परम्परा' स्थापित किए जाने का प्रस्ताव माननीय कुलाधिपति जी की स्वीकृति हेतु कुलाधिपति सचिवालय को प्रेषित किया गया है।

उपर्युक्तानुसार परिनियमावली के अध्याय पॉच धारा 13(7) में क्रमांक 16 पर भाषा विद्याशाखा का निम्नानुसार समावेशन किया जाना प्रस्तावित है:-

परिनियम में वर्तमान स्थापित व्यवस्था		परिनियम में संशोधन/समावेशन हेतु प्रस्तावित व्यवस्था	
विद्याशाखा का नाम	अनुमोदित विभाग	विद्याशाखा का नाम	अनुमोदित विभाग
1. मानविकी विद्याशाखा	• अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग • हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं विभाग • वैदिक ज्योतिष विभाग • भारतीय कर्मकाण्ड विभाग • संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग	1. मानविकी विद्याशाखा	• वैदिक ज्योतिष विभाग • भारतीय कर्मकाण्ड विभाग • संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग • दर्शन विभाग

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

	• दर्शन विभाग • संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएं विभाग • उर्दू विभाग	16. भाषा विद्याशाखा	• अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग • हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषाएं विभाग • संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएं विभाग • उर्दू विभाग

उक्तानुसार परिनियम संशोधन पर विद्या परिषद एवं कार्य परिषद की सहमति उपरान्त विश्वविद्यालय परिनियमावली में समाहित/संशोधन किये जाने हेतु विश्वविद्यालय अधिनियम के अध्याय 7 की धारा 31(3) एवं (4) द्वारा प्राविधानित व्यवस्थानुरूप माननीय कुलाधिपति जी के स्वीकृतार्थ/अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाना होगा। तद्क्रम में प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- ***प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विद्या परिषद द्वारा मत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय में स्थापित सभी विद्याशाखाओं के अधीन अवस्थित विभागों की वर्तमान स्थिति के आधार पर विद्याशाखाओं का पुनर्गठन किया जा सकता है। इस हेतु कार्य परिषद के बाह्य सदस्य की अध्यक्षता में समिति गठित कर समिति की आख्या आगामी विद्या परिषद में प्रस्तुत की जाय। समिति का गठन किए जाने हेतु परिषद द्वारा माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.14- विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की संस्तुतियों का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत विभिन्न विषयों की अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की बैठकें विभिन्न तिथियों में सम्पन्न हुई हैं, जिसमें अध्ययन बोर्ड द्वारा विभिन्न प्रकरणों पर निम्नानुसार संस्तुति प्रदान की गयी है:-

क्रम सं0	विद्या शाखा का नाम	विषय/विभाग	कार्यक्रम का नाम/अध्ययन बोर्ड की संस्तुति	संलग्नक
1.	विज्ञान विद्याशाखा	भौतिकी	1. The BOS members reviewed the programme structure of the undergraduate (UG) program in accordance with NEP 2020 and recommended the syllabus as appended in Annexure I. 2. The Board recommended that the minor course entitled "Renewable	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 22.04.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

			Energy"(PHY(N)-121), currently offered in the second semester, will be offered in the first semester from July 2026. This recommendation will be implemented only after discussion with the Admission and Examination Section. 3. The Board reviewed the Syllabi of the revised practical courses of different semesters and gave suggestions on the Practical courses as appended in Annexure I. 4. The Board recommended that minor courses in the BSC-23 programme, such as Optics (PHY(N)-220) and Modern Physics (PHY(N)-320), can be offeredas Discipline-Specific Core (DSC) courses, while Elementary Solid State Physics (PHY (N)-302) and Elements of Quantum Mechanics (PHY (N)-301) can be offered as Discipline-Specific Electives (DSE) or minor courses whenever the B.Sc. programme will be revised by the UOU. 5. The Board recommended that the 4-credit course on Project work PHY(N)-PR-331 suggested by University is appropriate for B.Sc.programme.	
2.	मानविकी विद्याशाखा	अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग	चीनी भाषा में प्रमाण-पत्र	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 19.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

			जापानी भाषा में प्रमाण-पत्र	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 19.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।
			स्पेनिश भाषा में प्रमाण-पत्र	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 19.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।
		संस्कृत एवं प्राकृत भाषाएं विभाग	1. पालि अध्ययन में प्रमाण-पत्र 2. प्राकृत अध्ययन में प्रमाण-पत्र	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 25.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।
3.	विधि विद्याशाखा	मानव अधिकार एवं अन्तर्राष्ट्रीय कानून विभाग	1. मानव अधिकार पर छः माह का प्रमाण-पत्र कार्यक्रम। 2. मानव अधिकार पर 01 वर्ष का डिप्लोमा कार्यक्रम।	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 23.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित संलग्न।

अतः उक्तानुसार विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों की संस्तुतियॉं, NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर/पाठ्यक्रम संशोधन आदि से संबंधित समस्त अभिलेख प्रस्ताव के साथ संलग्न किए गए हैं तथा संबंधित अध्ययन बोर्ड की पत्रावलियॉं भी विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत की गई है।

निर्णयः- ***विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार सम्पन्न अध्ययन बोर्डों की संस्तुतियों एवं अध्ययन बोर्ड द्वारा NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर/पाठ्यक्रम संशोधन आदि से संबंधित समस्त अभिलेखों का अवलोकन कर समस्त अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.15- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

प्रस्ताव संख्या 35.15.01- शैक्षणिक सत्र जुलाई, 2026 से एम0बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर में नवीन ऐच्छिक पाठ्यक्रम(elective course)"Micro Finance" प्रारम्भ किए जाने के संबंध में।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रोफेसर मंजरी अग्रवाल द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा द्वारा मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) चतुर्थ सेमेस्टर में माइक्रो फाइनेंस नाम से एक नया ऐच्छिक पाठ्यक्रम (elective course) प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित किया गया है। यह कोर्स शिक्षार्थियों को माइक्रोफाइनेंस संस्थानों, वित्तीय समावेशन, ग्रामीण वित्तपोषण, स्वयं सहायता समूहो, माइक्रो क्रेडिट प्रणाली के

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

बारे में जानकारी देगा। प्रस्तावित ऐच्छिक पाठ्यक्रम वित्त, ग्रामीण विकास, बैंकिंग और सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में उपयुक्त है। इस कोर्स को SWAYAM पोर्टल पर MOOCs पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत संचालित किए जाने की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। यह पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों के लिए शैक्षिक अध्ययन के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होगा। तद्क्रम में मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) चतुर्थ सेमेस्टर में माइक्रो फाइनेंस नाम से एक नया ऐच्छिक पाठ्यक्रम (elective course) प्रारम्भ किए जाने हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- ***प्रस्तुत प्रस्ताव की सराहना करते हुए विद्या परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र जुलाई, 2026 से एम0बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर में नवीन ऐच्छिक पाठ्यक्रम(elective course)"Micro Finance" प्रारम्भ किए जाने पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 35.15.02- विश्वविद्यालय शोध उपाधि अध्यादेश-2026 में पीएच0डी0 कार्यक्रम हेतु रिक्त स्थानों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरे जाने के संबंध में दिनांक 27.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय शोध उपाधि अध्यादेश-2026 के बिन्दु संख्या (5) के उप बिन्दु (5.1) में वर्णित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना संख्या– 4-1(UGC-NET Review Committee)/140648 दिनांक 27 मार्च, 2024 के अनुरूप निर्गत प्रवेश संबंधी विनियमों के आधार पर पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा का प्रावधान किया गया है। पीएच0डी0 कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदनों की संख्या कम होने के कारण कई विभागों में पीएच0डी0 की सीटें रिक्त जा रही हैं। इस संबंध में निदेशक, शोध एवं नवाचार की अध्यक्षता में दिनांक 27.05.2026 को सम्पन्न बैठक में समिति द्वारा प्रस्तावित किया गया है कि पीएच0डी0 कार्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराए जाने तथा उक्त परीक्षा हेतु सीएसआईआर/यू0जी0सी0 नेट पाठ्यक्रम एवं प्रश्न पत्रों के प्रारूप को ही प्रवेश परीक्षा हेतु आधार बनाया जाना उचित होगा। तद्क्रम में निदेशक, शोध एवं नवाचार की अध्यक्षता में दिनांक 27.05.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गई हैं।

निर्णय:- ***प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय शोध उपाधि अध्यादेश-2026 में पीएच0डी0 कार्यक्रम हेतु रिक्त स्थानों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरे जाने के संबंध में दिनांक 27.05.2026 को निदेशक, शोध एवं नवाचार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु उत्तराखण्ड शासन की प्रवेश नियमावली का पालन करते हुए पीएच0डी0 कार्यक्रम में रिक्त सीटों पर प्रवेश संबंधी आरक्षण अवधारित किया जाय तथा NET परीक्षा उत्तीर्ण की वैधता के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त किए जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा यू0जी0सी0 को पत्र प्रेषित किया जाय।***

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

बैठक के अन्त में विद्या परिषद के माननीय सदस्य प्रोफेसर एच0सी0 पोखरियाल द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिए गए, जिन पर विद्या परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गई:-

1. उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एक Vision 2047 दस्तावेज़ तैयार करे, जिससे विश्वविद्यालय भविष्य की दिशा तय कर सके। Vision 2047 बनाने की प्रक्रिया सभी हितधारकों, विशेषकर शिक्षार्थियों की सहभागिता से विकसित किया जाना चाहिए।

2. उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के लिए एक संस्थागत विकास योजना Institutional Development Plan (IDP) तैयार करना अत्यावश्यक है। यह आगामी दस वर्षों के लिए एक दृष्टिकोणात्मक योजना होगी और Vision 2047 का अनुसरण करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार (विशेषत: धारा 19.5) भी IDP तैयार करना आवश्यक है।

3. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को भारतीय सैन्य बलों के सभी कैडर को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। उत्तराखंड से औपचारिक क्षेत्र में अधिकांश रोजगार सेना में है। इस पहल में अग्निवीरों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इस विषय पर सेना मुख्यालय से समन्वय स्थापित करना उचित होगा।

4. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक क्षेत्र (रुद्रपुर) के निकट स्थित है। यहाँ दो विशिष्ट संभावनाएँ हैं:-
   - स्थानीय औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकता अनुसार लघु अवधि के प्रमाणपत्र/डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करना, जिससे शिक्षार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके।
   - CSR के अंतर्गत उद्योगों एवं वाणिज्य मंडलों से परामर्श कर शिक्षार्थियों के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इस प्रकार का अकादमिक-औद्योगिक समन्वय उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को विशेष लाभ प्रदान कर सकता है।

कार्यसूची में सूचीबद्ध समस्त प्रस्तावों एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरान्त विद्या परिषद के सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों, विशेषकर बाह्य सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद

कुलपति 1/8/26
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)